JAIPUR METRO

जयपुर मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड

एडमिन बिल्डिंग, मेट्रो डिपो, भृगु पथ, मानसरोवर, जयपुर–302020
E-mail: pro@jaipurmetrorail.in **Phone No :** 0141-2822760

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

2021/06/357–**प्रेस विज्ञप्ति** **दिनांक :** 16.06.2021

जयपुर मेट्रो यात्री सेवा पुनः बहाल
17.06.2021 से प्रातः 06:20 बजे से सांय 04:30 बजे तक
प्रत्येक 10 मिनट के अंतराल में (रविवार छोड़कर)

जयपुर 16 जून। राज्य सरकार द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में त्रि–स्तरीय जन अनुशासन मॉडिफाइड लॉकडाउन दिशा–निर्देश 2.0 एवं कोरोना प्रोटोकॉल की पालना को ध्यान में रखते हुए मेट्रो का संचालन दिनांक 17.06.2021 प्रातः 06:20 से सांय 4:30 बजे तक रविवार को छोड़कर प्रतिदिन हर 10 मिनट के अंतराल में रहेगा। जिसके तहत् बड़ी चौपड़ से मानसरोवर के लिए अंतिम ट्रेन 4:30 बजे तथा मानसरोवर से बड़ी चौपड़ हेतु अंतिम ट्रेन 4:30 बजे चलेगी।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अजिताभ शर्मा ने बताया कि मेट्रो परिचालन की यह व्यवस्था राज्य सरकार के आगामी आदेशों तक बनी रहेगी। मेट्रो में सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखने का पूरा इंतजाम किया गया है तथा सभी यात्री सीटों पर बैठकर ही यात्रा करेगें एवं खड़े–खड़े यात्रा करने की अनुमति नहीं होगी। मेट्रो में यात्रा के दौरान स्वीकृत कोविड–19 मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) को शत्–प्रतिशत लागू करने हेतु मेट्रो कर्मचारी एवं मेट्रो पुलिस मौजूद रहेंगे। जयपुर मेट्रो प्रशासन द्वारा कोरोना वायरस कोविड–19 रोग की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु राज्य सरकार द्वारा जारी समस्त निर्देशों की सख्ती से पालना की जाएगी। प्रत्येक आगतुंक यात्री की थर्मल स्क्रीनिंग की जायेगी तथा मास्क के बिना यात्रा नहीं की जा सकेगी।

जयपुर मेट्रो के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री अजिताभ शर्मा ने यह भी बताया कि छोटी चौपड़ मेट्रो स्टेशन पर स्थित आर्ट–गैलेरी भी आमजन हेतु रविवार को छोड़कर प्रतिदिन प्रातः 9:30 से सांय 3:00 बजे तक खुली रहेगी।

जनसम्पर्क अधिकारी